विदेशी खरीदारों व कंपनियों को करें आमंत्रित : योगी

अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो

राब्यू, लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो के लिए अब तक 66 से अधिक देशों के लगभग 400 खरीददार पंजीयन करा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अन्य देशों में तैनात भारतीय राजदूतों/उच्चायुक्तों से लगातार संवाद करते हुए ज्यादा से ज्यादा विदेशी खरीदारों, उद्यमियों और कंपनियों को आमंत्रित किया जाए। उन्होंने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को कार्यक्रम के आयोजन में सहभागी बनाने के लिए कहा। ट्रेड शो में छोटे उद्यमियों, नए निर्यातकों और महिला उद्यमियों को रियायती दर पर स्टाल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

योगी ने कहा कि इस पांच दिवसीय ट्रेड शो के दौरान हर दिन एक विशेष थीम पर नालेज सत्र भी आयोजित किए जाएं। इरडा के सहयोग से बीमा सेक्टर पर सत्र आयोजित किया जाए। इसी तरह ओडीओपी उत्पादों की पैकेजिंग, मार्केटिंग व निर्यात प्रोत्साहन, इन्वेस्ट यूपी की सफलता व इलेक्ट्रानिक्स साफ्टवेयर के संबंध में भी सत्र आयोजित किया जाए। उप्र के 54 जीआइ उत्पादों पर आधारित फैशन शो भी आयोजित किया जाए।

मुख्यमंत्री को बताया गया कि नालेज सत्र के दौरान मुंबई के प्रसिद्ध डिब्बावाला के प्रबंधन पर डा.पवन अग्रवाल का खास सेशन होगा। साथ ही, आध्यात्मिक गुरु ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु का प्रेरक उद्बोधन भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पांचों दिन प्रदेश की कला-संस्कृति को प्रदर्शित करती हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी की जाएं। प्रदेश के जायकेदार व्यंजनों से परिचय कराते हुए विशेष स्टाल लगाए जाएं। गौतम बुद्ध नगर के पुलिस कमिश्नर व जिलाधिकारी तथा ग्रेटर नोएडा व युमना एक्सप्रेसवे प्राधिकरणों के सीईओ से ट्रेड शो में आने वाले अतिथियों, उद्यमियों, शिल्पकारों की सुरक्षा व सुविधाओं के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबंध करने का निर्देश दिया।

गुरुवार को अपने आवास पर उप्र अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड फेयर के आयोजन के संबंध में बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सूचना विभाग

'झांसी बुंदेलखंड औविप्रा के विकास में सहयोग दे पीएनबी'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : प्रदेश में एक्सप्रेसवे निर्माण परियोजनाओं में आर्थिक सहयोग देने के लिए पंजाब नेशनल बैंक के प्रति आभार जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विकास में भी पीएनबी से अग्रणी भूमिका निभाने का अनुरोध किया। झांसी बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के विकास और विस्तार के लिए सरकार नोएडा की तर्ज पर झांसी में 35,000 एकड़ जमीन अर्जित करने जा रही है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के 2,000 महिला स्वयं सहायता समूहों में से प्रत्येक को 10,000 रुपये की धनराशि ऋण के रूप में उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम को नगर विकास मंत्री एके शर्मा, पीएनबी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक अतुल कुमार गोयल और प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने भी संबोधित किया।

ऋण के लिए बैंक जाने की जरूरत नहीं

पीएनबी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक अतुल कुमार गोयल ने बताया कि बैंक द्वारा विकसित एंड-टू-एंड डिजिटल प्लेटफार्म 'पीएनबी ई-स्वनिधि' का इस्तेमाल कर व्यवसायी पीएम स्वनिधि योजना का घर बैठे लाभ पा सकेंगे। ऋण प्राप्त करने के लिए उन्हें बैंक आने की जरूरत नहीं होगी।

जमीन कब्जा करने वालों के विरुद्ध करें कार्रवाई : सीएम

मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन कार्यक्रम में गुरुवार को लोगों की समस्याओं को सुना और उन्हें त्वरित न्याय का भरोसा दिया। उन्होंने सरकारी आवास पर जनता दर्शन में शिकायतें व समस्याएं लेकर आए 200 लोगों को सुना। मुख्यमंत्री ने विभिन्न मामलों में अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ने लोगों के साथ आए बच्चों से भी मुलाकात की और उन्हें चाकलेट देकर दुलारा। जमीनों पर कब्जों की शिकायतें सुन कब्जा करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।